मेरे राम कब आएंगे | By Azad Purohit

शबरी की कुटिया के भाग जग जायेंगे
बोल कागा बोल मेरे राम कब आएंगे
राम कब आएंगे मेरे राम कब आएंगे
राम कब आएंगे मेरे राम कब आएंगे
शबरी की कुटिया के .....

आये नहीं राम जी लगाईं कहाँ देर है
चुन चुन के कबसे मैंने रख दिए बेर है
बलि बलि जाउंगी जब राम घर आएंगे
बोल कागा बोल मेरे राम कब आएंगे

ला दे रे कागा मेरे राम की खबरिया
आएंगे धनुषधारी कौन सी डगरिया
अँखियाँ बिछा दूंगी राम जब आएंगे
बोल कागा बोल मेरे राम कब आएंगे

राम की लगन में मगन थी मैं काग रे
लगी हुई पापो वालो बुझ गई आग रे
बिगड़ी पुरानी मेरी आके वो बनाएंगे
बोल कागा बोल मेरे राम कब आएंगे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%ac-%e0%a4%86%e0%a4%8f%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%87-by-azad-purohit/